हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in वेब साइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

क्र. 07 /प्रवेश/2024 दुर्ग, दिनांक 01.08.2024

//अधिसूचना//

विश्वविद्यालयीन अधिसूचना क्र. 03/प्रवेश/2024 दुर्ग, दिनांक 26.07.2024 के माध्यम से सत्र 2024–25 के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में नियमित प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल दिनांक 31.07.2024 तक खोला गया था। उपरोक्त तिथि उपरांत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में प्रवेश लिए विद्यार्थियों के आवेदन को ऑनलाईन माध्यम से वेरिफाई किया जाना अनिवार्य है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर द्वारा जारी आदेश क्र. 17–83/2018/38–2 दिनांक 26.06.2024 के माध्यम से NEP पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कक्षाओं में GE एवं VAC के चयन की अंतिम तिथि 06.08.2024 तथा इसकी सूची विश्वविद्यालय प्रेषित करने की अंतिम तिथि 09.08.2024 निर्धारित की गई है।

अतः **समस्त महाविद्यालय GE एवं VAC का चयन दिनांक 06.08.2024 तक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से करते हुए प्रवेश आवेदन ऑनलाईन माध्यम से ही वेरिफाई करना सुनिश्चित करेंगे।**

उपरोक्त विषय चयन उपरांत ही विद्यार्थियों के नामांकन एवं परीक्षा आवेदन फार्म विश्वविद्यालय द्वारा भराए जा सकेंगे अतः उपरोक्त कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित अंतिम तिथि तक सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

टीपः–

- **शेष अन्य कक्षाओं में प्रवेशित छात्रों के प्रवेश आवेदन भी उपरोक्त तिथि तक वेरिफाई करना अनिवार्य है।**

कुलसचिव

पृ.क्र.08 /प्रवेश/2024 दुर्ग, दिनांक 01.08.2024

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद/मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी/खैरागढ़–छुईखदान–गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय